एन एफ एल
NFL
A Navratna Company
नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपकम)
ए/ए–2, आफिस काम्पलेक्स गौतम नगर भोपाल
मोबाइल न0 6263281770,9479706995

NFL/ZO/BPL/HR/PHOTOCOPY/ 27.05.2024

## फोटोस्टेट हेतु निविदा

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, भोपाल इच्छुक पार्टियों से कार्यालय में फोटोकापी अनुबन्ध देने हेतु सीलबन्द लिफाफों में निविदाएँ दिनांक 18.06.2024 समय 3.00 बजे तक आमंत्रित करते है। निविदाएँ दिनांक 18.06. 2024 को दोपहर 4.30 बजे खोली जायेगी ।

विस्तृत विवरण तथा निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु उक्त मोबाइल पर सम्पर्क करें । NIT में किसी भी प्रकार के शुद्धिकरण को नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की वेबसाइट **www.nationalfertilizers.com** पर ही दिया जायेगा ।

ऑचलिक प्रबन्धक

**ANNEXURE-I**

फोटोकापी निविदा की नियम एवं शर्ते निम्न प्रकार होगी :–

1. संविदा की कार्यवधि दो वर्ष तक पूर्ण रूप से लागू रहेगी और इस अवधि के दौरान दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं होगी । पार्टी का चयन एल–1 के आधार पर किया जायेगा ।
2. सम्बन्धित पार्टी द्वारा संतोषजनक सेवाएँ न दिये जाने पर और गलत बिल प्रस्तुत करने पर संविदा एक सप्ताह का नोटिस देकर बिना कोई कारण बतलाए रद्द की जा सकती है तथा पार्टी द्वारा जमा करायी गयी धरोहर राशि जब्त की जा सकती है ।
3. पार्टी को छायाप्रति कार्यादेश प्राप्त होने के पश्चात् स्वयं या अपने किसी प्रतिनिधि(एन. एफ. एल. में निविदा या स्थाई कार्मिक ना हो) को प्रातः 9.30 बजे से कार्यालय के बन्द होने तक कार्यालय में मौजूद रहना होगा एवं कार्यालय छोड़ने से पूर्व मानव संसाधन विभाग को सूचित करना होगा ।
4. अवकाश के दिन भी यदि छायाप्रति कार्य हेतु सम्बन्धित पार्टी को बुलाया जाता है तो पार्टी के प्रतिनिधि को कार्यालय में उपस्थित होना होगा ।
5. छायाप्रति मशीन की बीमा, रखरखाव इत्यादि करवाये जाने की जिम्मेदारी पार्टी की स्वयं की रहेगी।
6. पार्टी द्वारा किसी भी अन्य कार्यालय या व्यक्ति का छायाप्रति कार्य ऑचलिक कार्यालय भोपाल में किया जाना वर्जित होगा ।
7. छायाप्रति स्लिप या रजिस्टर में विषय लिखवाना तथा प्रतियों को अंकों एवं शब्दों में लिखवाना और सम्बन्धित कार्मिक से हस्ताक्षर करवाना पार्टी की स्वयं की जिम्मेदारी होगी नोटः– केवल स्थाई कार्मिकों के हस्ताक्षर ही स्लिप या रजिस्टर में मान्य होगें ।
8. माह के समापन के पश्चात् प्रथम सप्ताह में पार्टी अपना छायाप्रति कार्य का बिल स्लिपों या रजिस्टर सहित भुगतान हेतु मानव संसाधन विभाग को प्रस्तुत करेगी, भुगतान 15 दिन के अन्दर ई. भुगतान किया जायेगा । पार्टी द्वारा भुगतान हेतु प्रेषित बिल पर बिल कमांक, दिनांक, एन. एफ. एल. जी. एस. टी. कमांक **23AAACN0189N2ZB** तथा पार्टी का जी. एस. टी. यदि लागू हो तो कमांक अंकित करना अनिवार्य है ।
9. छायाप्रति का पेपर एवं प्रिन्ट की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर छायाप्रति वापिस की जा सकती है ।
10. इनकम टैक्स के नियमों के अनुसार टी.डी.एस. की कटौती की जायेगी ।
11. निविदाकर्ता को धरोहर राशि रू.5000/– नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड भोपाल के पक्ष में खाता कमांक **10107898395 IFSC Code:SBIN0003867** शाखा महावीर नगर भोपाल में प्रतिष्ठान के नाम स्थान एवं उद्देश्य (छायाप्रति कार्य हेतु) का उल्लेख कर जमा कराये से जमा करानी होगी ।
12. धरोहर राशि और निविदा शुल्क तकनीकी निविदा के साथ लगे होने चाहिए अन्यथा दर निविदा नहीं खोली जायेगी और निविदा को निरस्त समझा जायेगा तकनीकी निविदा के संतोषजनक पाये जाने पर ही दर निविदा खोली जायेगी ।

1\. धरोहर राशि रू. 5000/–लिफाफे के उपर अंकित होना चाहिए ।

2 निविदा की नियम व शर्ते आवेदनकर्ता के द्वारा प्रत्येक पेज पर हस्ताक्षरित होनी चाहिए ।

3 दूसरे लिफाफे में दर निविदा होनी चाहिए तथा लिफाफे के उपर दर निविदा लिखा होना चाहिए । यह दोनों मोहरबन्द लिफाफे एक अलग लिफाफे में बन्द होने चाहिए जिसके उपर फोटोकापी मशीन अनुबन्ध और निविदा को खोलने की अंतिम तिथि अंकित होनी चाहिए ।

13. आप की संस्था/फर्म **MSMED Act 2006** के अन्तर्गत पंजीकृत है अथवा नहीं । यदि हॉ तो प्रमाण पत्र संलग्न करें । जिसके आधार पर **MSMED** के प्रावधानों के तहत छूट प्रदान की जा सकती है ।

14. दोनों पक्षों के मध्य इस निविदा प्रकिया से संबंधित दायरा/क्षेंत्र/परिभाषा, विवेचना या वैधता आदि को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के विवाद /मतभेद/भ्रांति की स्थिति पैदा होने की दशा में **(Arbitration & Concilation Act 1996)**के प्रावधानों के अनुसार **Arbitration**से किया जायेगा तथा इस बारे में दिया गया निर्णय दोनों पक्षों पर बाध्य होगा तथा **Arbitration** का स्थान भोपाल होगा ।

15. निविदा प्रकिया में किसी भी प्रकार के उत्पन्न विवाद की स्थिति में यह भोपाल न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में आयेगा ।

16. **NFL,** फोटोकापी मशीन हेतु स्थान एवं विद्युत निशुल्क उपलब्ध करवायेगा ।

17. पार्टी स्वयं का एवं पार्टी द्वारा फोटोकापी कार्य के लिये रखे जाने वाला कर्मी का बीमा, उपचार आदि एवं उनके कर्मी का पी. एफ. आदि स्वयं करायेगा । यदि कोई दुर्घटना आदि होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी पार्टी की स्वयं होगी ।

18. निविदा प्रकिया के द्वारा चयनित पार्टी को **NFL** के साथ रू 500/— के गैरन्यायिक स्टाम्प पेपर पर कार्य संबन्धित अनुबंध करना होगा ।

19. फोटोकापी कार्य के लिए उपयोग की जाने वाली मशीन नवीन **(New)** होनी चाहिए तथापि अच्छी हालात की दो वर्ष से अधिक पुरानी मशीन मान्य नहीं होगी ।

20. पार्टी फोटोकापी कार्य हेतु अच्छी गुणवत्ता का पेपर उपयोग करना होगा ।

21. फोटोकापी मशीन खराब होने पर फोटोकापी कार्य अन्य स्थान से करवाने की जबावदारी पार्टी की होगी । तथा खराब मशीन को तुरंत ठीक करवाना होगा ।

22. पार्टी की सेवाएँ सतोषजनक पाये जाने पर पुनः कान्ट्रेक्ट उन्हीं दरें नियम एवं शर्तो के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए बढाया भी जा सकता है ।

ऑचलिक प्रबन्धक ।विपणन। भोपाल

<u>तकनीकी निविदा प्रपत्र</u> Annexure-II

| | | |
|---|---|---|
| निविदा जारी करने की तिथि | 27.05.2024 | समय सायं 3.00. बजे से |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 18.06.2024 | समय सायं 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथिः | 18.06.2024 | समय सायं 4.30 बजे |

1. निविदाकर्ता का नाम ............................................................

2. निविदा का स्वरूप तकनीकी (फोटोकापी कार्य हेतु) निविदा

3. मोबाइल न. एवं पता ............................................................

............................................................

............................................................

4. एम. एस. एम. ई डी. (MSMED) रजि. न. ............................................................

(यदि लागू है तो) ............................................................

5. पैन न0 (छायाप्रति संलग्न करें) ............................................................

6. वार्षिक टर्न ओवर यदि 20,00,000/– से अधिक है तो ............................................................
जी. एस. टी. न. (पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करें)
(यदि लागू हो तो)

7. बैंक का नाम एवं पता ............................................................

8. निविदाकर्ता का बैंक खाता न. ............................................................

9. बैंक का IFSC कोड न. निरस्त चैक की ............................................................

छायाप्रति संलग्न करें ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर

Annexure-III

## छायाप्रति कार्य हेतु दर का प्रारूप

## रेट कोटेशन प्रोफार्मा

| | | | दर प्रति कापी | |
|---|---|---|---|---|
| कमांक | पेपर का साइज | फोटोकापी की मात्रा | अंकों में | शब्दों में |
| 1. | ए–4 | 324500 | | |
| 2. | ए–3 | 4000 | | |
| 3. | बी–4 | 0 | | |
| 4. | इनलार्ज | 50 | | |
| 5. | रिडूयसिंग | 5000 | | |
| 6. | फुल स्केप पेपर | 9180 | | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर